आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 25.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- देश में एलपीजी का उत्पादन बढ़ाया गया–सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

- राज्य में 100 दिन का **टीबी मुक्त भारत अभियान** शुरू–11 हजार से अधिक उच्च जोखिम वाले गांवों और शहरी क्षेत्रों में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा।

- राज्य निर्वाचन आयोग, नगरीय निकाय चुनावों के लिए 8 मई को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करेगा।

- प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तापमान में बढोतरी–भरतपुर, कोटा और दौसा सहित कुछ जगह हल्की बरसात हुई।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कल अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने टेलीफोन किया और पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत ने तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाल करने का समर्थन किया। श्री मोदी ने इस बात पर भी जोर दिया कि होर्मुज जलडमरूमध्य का खुला, सुरक्षित और सुगम रहना, पूरे विश्व के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा है कि सरकार पेट्रोल, डीजल, तेल, गैस और उर्वरकों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है।

-----

देश में एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ा दिया गया है तथा सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता में लोगों से अफवाहों पर विश्वास नहीं करने का आग्रह किया।

----

केन्द्र सरकार ने इस बीच देश में ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पादों की पाइपलाइन बिछाने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने हेतु एक नया आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि घरेलू उपभोक्ताओं तक पाइपलाइन के जरिए प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने से उन क्षेत्रों में एलपीजी की उपलब्धता बढ़ेगी, जहां पाइपलाइन सुविधा नहीं है। यह आदेश पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 के तहत परिभाषित और केंद्र सरकार द्वारा लाइसेंस प्राप्त सभी सार्वजनिक संस्थाओं, हाउसिंग सोसायटी और अधिकृत संस्थाओं पर लागू होगा।

0000

राज्य में 100 दिन के टीबी मुक्त भारत अभियान की कल से शुरूआत हुई। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने जयपुर में सवाईमानसिंह मेडिकल कॉलेज सभागार से इसका शुभारम्भ किया। इस मौके पर चिकित्सा मंत्री ने कहा कि राजस्थान में पिछले साल एक करोड़ 75 लाख से ज्यादा संभावित टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग की गई जो देश में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि राज्य में चिन्हित 11 हजार से अधिक उच्च जोखिम वाले गांवों और शहरी क्षेत्रों में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। इनमें 14 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की जांच की जायेगी। अभियान के तहत छात्रावासों, वृद्धाश्रम, जेल, रेनबसेरों और औद्योगिक क्षेत्रों पर विशेष रूप से फोकस किया जायेगा। इनके माध्यम से टीबी की बीमारी की जल्द पहचान सुनिश्चित होगी। साथ ही अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं की पंहुच सुगम होगी। उन्होंने कहा कि ये अभियान जनभागीदारी के माध्यम से जन आंदोलन का रूप लेगा।

-----

0000

अजमेर के महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अध्यादेशों का निर्माण कर उन्हें संस्थागत स्वरूप दिया है। **एम डी एस यू,** एनईपी आधारित अध्यादेश लागू करने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बन गया है। कल एमडीएसयू में फेकल्टी डवलपमेन्ट कार्यशाला रखी गई। उप मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य में उच्च शिक्षा को कौशल आधारित और व्यवहारिक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एआई, रोबोटिक्स और थ्रीडी प्रिन्टिंग सहित कई पाठ्यक्रम प्रमुख तकनीकी संस्थानों में शुरू किये जा रहे है। इसके बाद मीडिया से बातचीत में श्री बैरवा ने कहा कि महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव को लेकर नये शैक्षणिक सत्र में फिर चर्चा की जायेगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल ये मामला न्यायालय में विचाराधीन है। श्री बैरवा ने विद्यार्थियों से पढाई के साथ ही समाज सेवा के लिये आगे आने पर जोर दिया।

-----

0000

राज्य निर्वाचन आयोग ने बाकी 113 नगरीय निकायों के लिए मतदाता सूची तैयार करने का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके अनुसार 13 अप्रैल को मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। 14 अप्रैल को वार्डो और मतदान केन्द्रों पर इसका पठन किया जायेगा। 27 अप्रैल तक दावे और आपत्तियां आमंत्रित की जायेगी। जिनका निस्तारण 3 मई तक होगा। इसके बाद 8 मई को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जायेगी। इससे पहले 196 निकायों में वोटर लिस्ट अपडेट करने की प्रक्रिया पहले से जारी है। जिसका अंतिम प्रकाशन 22 अप्रैल को होगा। निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह के अनुसार नगरीय निकाय चुनावों के लिए मतदाता सूची को इस बार अधिक व्यवस्थित बनाने पर जोर दिया गया है। इसके लिए 1 जनवरी 2025 को प्रकाशित विधानसभा मतदाता सूचियों को आधार बनाकर वार्डवार सूची तैयार की जायेगी। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2026 तक 18 साल पूरे करने वाले मतदाता सूची में नाम जुडवा सकेंगे।

0000

बांसवाडा में माही बांध क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जायेगा। बांध भराव क्षेत्र के आस–पास पर्यटन बढाने के लिए मास्टर प्लान तैयार होगा। इसके लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। हमारे बांसवाडा संवाददाता ने बताया कि यहां वाटर स्पॉर्ट्स और इको टूरिज्म को बढाव दिया जायेगा।

-----

0000

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में धूप में तेजी से तापमान में बढोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार दिन का पारा 7 डिग्री से ज्यादा बढा है। वहीं रात के तापमान में 4 डिग्री तक की गिरावट आई है। हालांकि कल भरतपुर, कोटा और दौसा सहित कुछ जगह हल्की से मध्यम बारिश हुई। राजधानी जयपुर में भी हल्के बादल छाये रहने के साथ पारे में बढोतरी हुई है। दिन का तापमान साढे चार डिग्री बढकर 33 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। 36 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बाडमेर सबसे गर्म रहा।

मौसम विभाग ने 26 और 27 मार्च से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार जताये है। इससे राज्य के पूर्वी और उत्तरी भागों में छुटपुट स्थानों पर हल्की बरसात हो सकती है।

0000